उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 26 /1918 / 71-1-2014-जी-66 / 2014
लखनऊ : दिनांक 21 अक्टूबर, 2014
कार्यालय-ज्ञाप

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-842 / 71-1-2014-जी-66 / 2014, दिनॉक 23-04-2014 के द्वारा राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के विरूद्ध प्रवक्ता, रेडियोडायग्नोसिस के पद पर नियुक्ति हेतु लोक सेवा आयोग द्वारा संस्तुत अभ्यर्थी डा0 तुषान्त कुमार, अमरोहा, जे0पी0 नगर, उ0प्र0 को नियुक्ति प्रदान करते हुए मेडिकल कालेज, जालौन में तैनाती प्रदान की गयी थी।

2- डा0 तुषान्त कुमार के आवेदन दिनॉक 09-10-2014 में यह अवगत कराया गया है कि उक्त कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 23-04-2014 द्वारा निर्धारित समयावधि में कतिपय पारिवारिक कारणों से उनके द्वारा कार्यभार ग्रहण नहीं किया जा सका।

3- डा0 तुषान्त कुमार के आवेदन दिनॉक 09-10-2014 में वर्णित तथ्यों पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल कार्यालय ज्ञाप दिनॉक 23-04-2014 में वर्णित शर्तो के अधीन कार्यभार ग्रहण की तिथि को दिनॉक 30-10-2014 (10 दिनों के लिए) तक विस्तारित किये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

4- उक्त विस्तारित अवधि में डा0 तुषान्त कुमार द्वारा अपने तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण न किये जाने की दशा में उनका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

बी0 एस0 भुल्लर
प्रमुख सचिव

संख्या:- 26 / 1918(1) / 71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।
3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, जालौन।
5- कोषाधिकारी, / वरिष्ठ कोषाधिकारी, जालौन।
6- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, जालौन।
7- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।
8- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव

http://sikshanadesh.up.nic.in